ऋचा शंकर, आईएसएस
उप महानिदेशक
RICHA SHANKER ISS
Deputy Director General

Tel. : +91-11-24364279
E-mail : richas@gov.in

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
Government of India
अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
Ministry of Minority Affairs
11वां तल, पं दीनदयाल अंत्योदय भवन
11th Floor Pt. Deendayal Antyodaya Bhawan
सी.जी.ओ. काम्पलैक्स, लोधी रोड़, नई दिल्ली-110003
C.G.O. Complex, Lodhi Road, New Delhi-110003

आज़ादी का अमृत महोत्सव

अ.शा. 8/4/2017-Leadership-MoMA **दिनांक :10 अगस्त, 2022**

प्रिय साथी,

जैसा कि विदित है कि पूरा देश इस वर्ष आजादी का अमृत महोत्सव मन रहा है तथा इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा 'हर घर तिरंगा' अभियान का आहवाहन किया गया है। इस क्रम में नई रोशनी योजना से संबंधित सभी संस्थाओं से अपेक्षा है कि वे इस महत्वपूर्ण कड़ी में 'हर घर तिरंगा' अभियान में भाग लें जिसमें संस्था, उनके कर्मचारी और सभी लाभार्थी 13 से 15 अगस्त, 2022 तक अपने कार्यस्थलों और घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। साथ ही, 14 अगस्त, 2022 को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के रूप में मनाया जाना है, जिसके तहत मूक रैलियां, पैनल चर्चा, प्रभात फेरी, ड्राइंग, निबंध और वाद-विवाद प्रतियोगिता जैसे अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं।

2. इस संबंध में सभी प्रतिभागियों को विशिष्ट वेबसाइट www.harghartiranga.com पर ध्वज को पिन करने और ध्वज के साथ एक सेल्फी अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है।

3. आपसे अनुरोध है कि संगठन और लाभार्थियों द्वारा की गई गतिविधियों के फोटो/वीडियो को ट्विटर, इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब पर इस मंत्रालय के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल **'MOMAIndia'** पर #AKAMwithMOMA और #AzadikaAmritMahotsav का प्रयोग करते हुए टैग करें।

4. मंत्रालय इस महान पर्व पर आपसे उच्च भावना के साथ कार्यक्रम आयोजन में सहयोग की अपेक्षा करता है तथा चाहता है कि आप सब इस महान देश के नागरिक होने पर गर्व महसूस करें।

'जय हिन्द'

आपकी आभारी

(ऋचा शंकर)

प्रति
नई रोशनी योजना की सभी संस्थाएं